01 अक्टूबर 2018 सोमवार

<u>नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में गाँधी जयंती पर विषेष कार्यक्रम का आयोजन</u>

2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के परिसर में विषेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस विषेष प्रार्थना सभा में शहीद हेमू कालानी एजूकेषनल सोसायटी के अध्यक्ष श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी, सचिव श्री ए.सी.साधवानी, विद्यालय के प्रभारी श्री मनोहर वासवानी, प्राचार्य श्री मनीष आर.के.जैन एवं उपप्राचार्या श्रीमती अमृता मोटवानी उपस्थित थे।

प्रार्थना सभा का आरंभ करते हुए सर्वप्रथम महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। समवेत स्वर में सामूहिक प्रार्थना के साथ प्रार्थना सभा का आरंभ किया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी ने कहा कि छात्राएँ देष का भविष्य है, अतः उन्हें जागरूक रहते हुए देष के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से कहा कि इस पावन अवसर पर उन्हें पुनः प्रतिज्ञा लेनी होगी कि वे सदा समय की पाबंदी रहेंगी। उन्होंने छात्राओं को देष के प्रति अपना समर्पण दिखाते हुए प्रतिमाह भारत के वीर एप के माध्यम से अंषदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से कहा कि माँ ही बच्चों के भविष्य की सजग प्रहरी एवं हितैषी होती है इसलिए वे सदा उनके प्रति आस्थावान रहें एवं उनसे सदा सच बोले और अपनी बाते उन्हें बताएँ। इसी के साथ उन्होंने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहते हुए संयमित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्व. महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके जीवन की महत्वपूर्ण बाते अपने जीवन में अपनाने के लिए कहा।

कार्यक्रम में विद्यालय की षिक्षिका श्रीमती आषा आसुदानी ने महात्मा गाँधी जी के जीवन एवं उसकी विचार धारा पर प्रकाष डाला। उन्होंने अपने वक्तव्य में उनके व्यक्तित्व पर प्रकाष डालते हुए भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान का संक्षिप्त वर्णन किया। षिक्षिका श्रीमती भावना आर्या ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जीवनी का परिचय देते हुए स्वतंत्र भारत के नव निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाष डाला। इसी श्रृंखला की अगली कडी के रूप में षिक्षिका श्रीमती शोभना दुबे ने सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में बताते हुए सर्जिकल स्ट्राइक का अर्थ बताया। उन्होंने बताया कि 18 सितंबर को भारतीय सेना पर किए गए आतंकी हमले की प्रतिक्रिया स्वरूप भारतीय सेना ने पाकिस्तान के विरूद्ध 19 सितंबर को सर्जिकल स्ट्राइक किया। यह सर्जिकल स्ट्राइक कितनी महत्वपूर्ण थी इसकी जानकारी षिक्षिका श्रीमती शोभना दुबे जी ने दी।

कक्षा नवी ष्अष् की छात्राओं ने अपनी कक्षा अध्यापिका श्रीमती स्वाती शर्मा के सहयोग एवं संगीत विभाग के दिषा–निर्देष में सामूहिक गान एवं एकांकी नाटिका की मनोहर प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में कक्षा पहली से बारहवी तक की समस्त छात्राएँ एवं षिक्षिकाएँ उपस्थित थी कार्यक्रम का सफल संचालन षिक्षिका श्रीमती अदिति खांडेकर ने किया।